







# पालतू पशु





आपका पालतू पशु और उसकी विशेषताएँ



प्रिय विद्यार्थियों ,
आप में से बहुत से विद्यार्थियों के घर पर पालतू पशु होंगे| आप अपने पालतू पशु पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर  अपनी अतिरिक्त पुस्तिका या किसी अन्य पृष्ठ पर लिखें |

- अपने पालतू पशु का नाम और उस नाम को रखने का कारण |
- उसके रंग-रूप का वर्णन|
- उसकी आदतें|
- उसका पसंदीदा भोजन|
- आपके प्रति प्रेम जताने अथवा आपका ध्यान आकर्षित करने का उसका तरीका
- आप अपने पालतू पशु की देखभाल कैसे करते हैं?



# गिल्लू

महादेवी वर्मा



आइये अब पालतू गिलहरी पर आधारित कुछ मजेदार विडियो देखते हैं  और जानते हैं की एक गिलहरी के बच्चे  की देखभाल कितनी मुश्किल होती है|-
https://www.youtube.com/watch?v=uYwwyfYVVMs

पालतू गिलागरी का मनोरंजक वीडियो जो गिलहरियों के व्यवहार के विषय में बताता है –

https://www.youtube.com/watch?v=qFzfY74lB1M

**गिल्लू** महादेवी वर्मा की "मेरा परिवार" नामक कृति से लिया गया एक भाग है जिसमें लेखिका ने एक गिलहरी का मनुष्य के प्रति प्रेम भाव का वर्णन किया गया है यह उनके एक निजी जीवन की वास्तविक घटना पर आधारित है।



इस पाठ से स्नेहभाव तथा प्राणी मात्र के प्रति दया की सीख मिलती है। पशु-पक्षियों के स्वभाव और उनकी जीवन-शैली के साथ-साथ उनके प्रति महादेवी वर्मा के प्रेम से परिचित होते है।



# जीवन परिचय

## महादेवी वर्मा

जन्म : 20 मार्च 1907

निधन :11 सितम्बर 1987

# महादेवी वर्मा

महादेवी वर्मा का जन्म फर्रुखाबाद में सन् 1907 ई. में हुआ था। इनके पिता श्री गोविन्द प्रसाद वर्मा विद्वान और विचारक थे तथा माता भक्त-हृदय और धर्मपरायण थीं। पालतू जीवों पर इनका विशेष प्रेम रहा है। इनका देहान्त 11 सितम्बर, 1987 ई. को हुआ।



# हिन्दी साहित्य की

# मीरा



महादेवी वर्मा का निधन 11 सितम्बर 1987 को 80 वर्ष की आयु में इलाहाबाद में हुआ था

उनका बाल-विवाह हुआ परंतु अविवाहित की तरह उन्होंने जीवन जीया.

सुमित्रानंदन पंत और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला महादेवी से राखी बंधवाते थे.

उनके परिवार में लगभग सात पीढ़ियों बाद किसी लड़की का जन्म हुआ था इसलिए उनका नाम घर की देवी या महादेवी रखा गया.

जबतक महादेवी ने मैट्रिक की परीक्षा की तबतक वे जानी-मानी कवयित्री के रूप में प्रसिद्ध हो चुकी थीं.

अतीत के चलचित्र, क्षणदा, शृंखला की कड़ियाँ, यामा, गिल्लू आदि को कभी भूला नहीं जा सकता.

# जीवन परिचय

## महादेवी वर्मा



24. पदमभूषण- 1956
25. पदमविभूषण- 1988
26. साहित्य अकादमी की सदस्या- 1979 , सदस्यता ग्रहण करने वाली पहली महिला
27. सेक्सरिया पुरस्कार- 1934
28. ज्ञानपीठ पुरस्कार- ' यामा ' नामक काव्य संग्रह पर 27 अप्रैल 1982 को
29. फिल्म- संस्मरण 'चीनी भाई' पर निर्माता मृणाल सेन

यदि आपके पास पूरक पुस्तक ‘संचयन’ नहीं है तो आप नीचे दिए गए लिंक पर जाकर भी इस कहानी को पढ़ सकते हैं-

https://www.femina.in/hindi/sahitya/kahani/gillu-by-mahadevi-varma-1979-2.html

पाठ की व्याख्या के लिए निम्नांकित विडियो लिंक पर क्लिक करें -

https://www.youtube.com/watch?v=2yG8s5X8dok

# विषय संवर्धन गतिविधि

## गिल्लू का रेखाचित्र



गतिविधि हेतु निर्देश :-

- रेखाचित्र अपनी उत्तर पुस्तिका के दो पृष्ठों (आमने-सामने के) पर बनाएँ|
- मध्य में अपनी कल्पना के आधार पर गिल्लू का चित्र बनाएँ या चित्र चिपका भी सकते हैं|
- अगली स्लाइड में दिए गए बिन्दुओं पर पाठ के आधार पर जानकारी देते हुए अनुच्छेद रूप में या बिन्दुओं के रूप में जानकारी दें

# गिल्लू का रेखाचित्र


रंग-रूप का वर्णन
पसंदीदा भोजन
लेखिका को आकर्षित करने के उपाय
छिपने के स्थान
विशेषताएँ
लेखिका के प्रति प्रेम प्रदर्शन करने के उपाय
कैसे मिला

# पाठ ‘गिल्लू’ पर आधारित प्रश्न-उत्तर



- . सोनजुही में लगी पीली कली को देख लेखिका के मन में कौन से विचार उमड़ने लगे?
- 2. पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है?
- 3. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?
- 4. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था?
- 5. गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया?
- 5. गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया?
- गिल्लू किन अर्थों में परिचारिका की भूमिका निभा रहा था?
- 7.गिल्लू की किन चेष्टाओं से यह आभास मिलने लगा था कि अब उसका अंत समय समीप आ गया है?
- 8. 'प्रभात की प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही वह किसी और जीवन में जागने के लिए सो गया' – का आशय स्पष्ट कीजिए।
- 9. सोनजुही की लता के नीचे बनी गिल्लू की समाधि से लेखिका के मन में किस विश्वास का जन्म होता है?




अब गिल्लू के अभ्यास प्रश्नों को अपनी उत्तर पुस्तिका में करें| सहायता के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें

http://gyanalaya.pbworks.com/w/file/134421546/GILLU%20QUESTION-ANSWER.docx